उत्तर प्रदेश में जल्द ही ई-रूपी से मलिेगी छात्रवृत्ति

चर्चा में क्यों?

19 जून, 2022 को उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम वरुण ने राज्य में ई-रूपी से छात्रवृत्ति मलिने की जानकारी दी है।

प्रमुख बिंदु

- राज्यमंत्री ने बताया कि ई-रूपी एक तरह का ई-बैंक ड्राफ्ट या वाउचर है, जिससे सामान्य वर्ग के छात्रों को पहले पता चल सकेगा कि उन्हें छात्रवृत्ति मिलेगी या नहीं ।
- ई-रूपी से सरकार की ओर से भेजे गए धन को छात्र अपने खाते से न तो निकाल पाएगा और न ही इसका उपयोग किसी अन्य काम में हो सकेगा, सिवाय स्कूल-कॉलेज की फीस का भुगतान करने के।
- पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किये जा रहे ई-रूपी के प्रयोग से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और हर बच्चे को छात्रवृत्ति मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/scholarship-will-soon-be-available-in-uttar-pradesh-through-e-rupi